हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार, 17 मई 2025

तापमान
अधिकतम 45.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 दो एकड़ में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी जमींदोज, नठेड़ा में अवैध निमार्ण पर चली जेसीबी



12 विद्यार्थियों को डेंगू से बचाव, रोकथाम व नियंत्रण के उपाय बताए, वीक में एक दिन ड्राई-डे मनाने पर जोर



## खबर संक्षेप

### ट्रेन में यात्री के जेवरात व नकदी चोरी

**रेवाड़ी।** ट्रेन में यात्रा कर रहे दंपति के नकदी व जेवरात चोरी हो गए। जीआरपी को दर्ज शिकायत में चरखी दादरी की विद्या विहार कॉलोनी निवासी रामनिवास ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ सियालदाह दुरंतो गाड़ी में आ रहा था। रास्ते में किसी ने उसकी पत्नी का पर्स चोरी कर लिया। पर्स में 10 हजार रुपये व लाखों रुपये के आभूषण थे। चोरी की घटना दीनदयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन के आसपास हुई। जीआरपी ने शिकायत पर जीरो एफआईआर दर्ज करते हुए उसे संबंधित जीआरपी को प्रेषित कर दिया।

### किसान के खेत से सोलर प्लेटें चोरी

**रेवाड़ी।** बैरियावास में चोर एक किसान के खेत से हजारों रुपये की सोलर प्लेटें चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में युद्धबीर सिंह ने बताया कि उसने अपने खेत में सोलर पैनल लगाया हुआ है। रात के समय उससे पैनल से चोर 5 प्लेटें चोरी कर ले गए। सुबह जब वह खेत में गया तो उसे सोलर प्लेटें गायब मिलीं। पूछताछ करने के बाद भी चोरों के बारे में कोई पता नहीं चल सका। कसोला पुलिस ने उसकी शिकायत पर मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया।

### दो मामलों में घोषित पीओ पर केस दर्ज

**रेवाड़ी।** थाना खोल पुलिस ने दो मामलों में कोर्ट से घोषित किए गए पीओ के खिलाफ केस दर्ज किया है। राजेंद्र बनाम अजयपाल व शारदा बनाम अजयपाल मामलों में निमोठ निवासी अजयपाल को अदालत में पेश नहीं होने पर पीओ घोषित किया गया है। कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश जारी किए थे। पुलिस ने आरोपी अजयपाल के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी संपत्ति का ब्योरा हासिल करने के प्रयास शुरू कर दिए। मामला पैसे के लेन-देन का बताया जा रहा है।

### अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना सदर पुलिस ने फिदेड़ी में खेत में शराब बेच रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि फिदेड़ी निवासी पवन कुमार गांव में शराब बेचने का धंधा करता है। वह फिदेड़ी मोड़ से आगे अपने खेत में शराब बेच रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर आरोपी को काबू कर लिया। उसके पास मौजूद प्लास्टिक के कट्टे से साढ़े 12 बोतल शराब बरामद हुई। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया।

### घर के बाहर खड़ी बाइक ले गए चोर

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 में चोर एक मकान के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में विकास कुमार ने बताया कि वह सेक्टर में किराए के मकान में रह रहा है। सुबह के समय उसने बाइक अपने मकान के बाहर खड़ी की थी। बाइक को साफ करने के बाद वह मकान के अंदर चला गया। जब वह बाहर आया तो उसे बाइक नहीं मिली। आसपास काफी पूछताछ करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### युवक ने संदिग्ध हालत में फांसी लगाई

**रेवाड़ी।** करनावास में एक 28 वर्षीय युवक ने संदिग्ध हालत में फांसी लगा दी। गांव निवासी प्रीतम कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। इसी के चलते उसने अपने कमरे में पंखे से हुक से फांसी लगा ली। उसकी शादी भी करीब 1 साल पहले ही हुई थी। पता चलने के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया। नागरिक अस्पताल से पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव परिजनों के हवाले कर दिया।

### पूर्व सीएम मनोहरलाल तक कर चुके समाधान का प्रयास, दो राज्यों से जुड़े गंभीर मसले को सुलझाना नहीं आसान

# दूषित पानी को लेकर नया फोटो सेशन, अफसरों संग मौके पर पहुंचे एमएलए, राव कर चुके काफी प्रयास

नरेन्द्र वत्स ▸▸। रेवाड़ी

राजस्थान के भिवाड़ी से धारूहेड़ा की ओर आने वाले दूषित पानी की समस्या दो दशक से भी पुरानी हो चुकी है। इसके समाधान को लेकर केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह डेढ़ दशक में 15 बार से ज्यादा जिला स्तर स्तर से लेकर दोनों राज्यों के शीर्ष अधिकारियों तक से बैठकें कर चुके हैं। पूर्व सीएम मनोहरलाल खुद सीएम पद छोड़ने से पहले दोनों राज्यों के अधिकारियों की मीटिंग ले चुके थे, परंतु समस्या का स्थाई हल आज तक नहीं निकल सका है। अब स्थानीय विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने इस मामले में खुद को एक्टिव दिखाने के लिए न सिर्फ अधिकारियों के साथ मौके पर जाकर जायजा लिया, बल्कि रेस्ट हाउस में बैठकर मंत्रणा करने का फोटो सेशन भी चलाया। लंबे समय से धारूहेड़ा क्षेत्र के लोग राजस्थान के औद्योगिक एरिया भिवाड़ी से आने वाले केमिकलयुक्त जहरीले पानी की दंश झेलते आ रहे हैं। एनजीटी की ओर से करीब पांच साल पहले राजस्थान की तत्कालीन अशोक गहलोत सरकार पर 200 करोड़ रुपये से ज्यादा का जुर्माना लगाया था। एनजीटी कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ राजस्थान सरकार को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गई थी। दूषित पानी धारूहेड़ा व आसपास के गांवों के लोगों के लिए गले की फांस बना हुआ है।

कई गांवों का भूमिगत जल दूषित पानी के कारण खराब हो चुका है। इस मामले को केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने पूरी गंभीरता से लिया था। उन्होंने डेढ़ दशक के दौरान दोनों राज्यों के अधिकारियों की कई बार बैठकें लीं। पूर्व में कांग्रेस की सरकार होने के कारण राजस्थान पर इस मामले में कोई कदम नहीं उठाने के आरोप लगाए जाते रहे। राव की मुहिम कई बैठकों के बाद भी रंग नहीं पाई, तो उन्होंने बैठकों से लगभग तौबा कर लिया। राव ने दूषित पानी के मुद्दे पर तत्कालीन सीएम मनोहरलाल के एक्टिव होते हुए खुद को लगभग अलग कर लिया था। सीएम और केंद्रीय मंत्री के बीच छत्तीस का आंकड़ा होने के कारण राव के आदेश अधिकारियों के लिए मायने रखने वाले साबित नहीं हो रहे थे।





रेवाड़ी। मसानी बैराज पर मौजूद विधायक व अधिकारी, मसानी बैराज में जमा गंदा व दूषित पानी। फोटो :हरिभूमि

#### बालकनाथ कर चुके रैंप हटवाने का प्रयास

धारूहेड़ा सीमा पर रैंप बनाने के बाद भिवाड़ी व आसपास के गांवों के लोगों की परेशानी धारूहेड़ा के लोगों जैसी बनी हुई है। राजस्थान विधानसभा चुनावों के दौरान भाजपा प्रत्याशी बाबा बालकनाथ को रैंप के मामले में लोगों के विरोध का सामना भी करना पड़ा था। इसके बाद बाबा बालकनाथ जेसीबी मशीन लेकर आ गए थे, परंतु प्रशासनिक अधिकारियों ने रैंप को टूटने से बचा लिया था। विधायक बनने के बाद भी बाबा बालकनाथ रैंप को तुड़वाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।

#### रैंप बनाने के बाद बढ़ी राजस्थान की टेंशन

गत विधानसभा चुनावों से पहले पूर्व सीएम मनोहरलाल ने धारूहेड़ा में दूषित पानी का जायजा लेते हुए अधिकारियों को पानी बंद करने के आदेश दिए थे। इससे पूर्व जिला प्रशासन की ओर से रैंप बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी।

तत्कालीन सीएम ने दोनों राज्यों के शीर्ष अधिकारियों की ज्वाइंट कमेटी गठित करने के आदेश दिए थे, जिनका राजस्थान के अधिकारियों पर कोई खास नहीं हुआ था। सोहना रोड पर रैंप बनाने के बाद भिवाड़ी व आसपास के गांवों के लोगों की परेशानी ज्यादा बढ़ गई है।

#### पहाड़ी एरिया में पानी ले जाने की योजना

राजस्थान विधानसभा चुनावों से पहले दोनों राज्यों के शीर्ष अधिकारियों की बैठक के बाद योजना बनाई गई थी कि भिवाड़ी औद्योगिक एरिया का दूषित पानी पाइप लाइन व ड्रेन की मदद से पहाड़ी एरिया की तलहटी में पहुंचाया जाएगा। वहां तालाब की खुदाई कराकर उसमें पानी डाला जाएगा। चुनाव बीतने के बाद यह योजना भी खटाई में पड़ गई। योजना का स्थाई समाधान दोनों राज्यों की सरकारें मिलकर कर सकती हैं। अब विधायक लक्ष्मण सिंह यादव के फोटो सेशन पर चर्चा होने लगी है कि जो काम सीएम तक नहीं करा पाए, क्या उस काम को लक्ष्मण अंजाम तक पहुंचा पाएंगे।

#### समस्या का समाधान करवाना प्राथमिकता



*आज अधिकारियों के साथ मौके पर जाकर दूषित पानी का जायजा लिया है। साबी नदी पर पर्यटन केंद्र बनाने की योजना सिरे नहीं चढ़ सकी। अब दूषित पानी की समस्या का समाधान कराने के लिए सीएम से बात की जाएगी। अधिकारियों से समस्या का ठोस हल तलाशने के लिए कहा गया है।*

*-लक्ष्मण सिंह यादव, विधायक।*

#### एनजीटी में भी विचाराधीन पानी का मामला

खरखड़ा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश यादव ने साहबी नदी में प्रदूषित पानी छोड़े जाने के मामले में दाखिल याचिका पर एनजीटी में सुनवाई हुई। प्रदेश के सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग ने एनजीटी के आदेशानुसार जवाब और शपथपत्र दाखिल किया है। प्रकाश यादव ने अपनी याचिका में आरोप लगाया था कि रेवाड़ी जिले के खरखड़ा और खालियावास क्षेत्र में साहबी नदी के खाली भाग में गंदा पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे आसपास जलभराव हो रहा है और भूमिगत जलस्तर भी दूषित हो रहा है।

## सवारियों को बंधक बनाकर वसूली करने के मामले में दो और आरोपी किए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸। बावल

पुलिस ने गाड़ी मालिक सहित सवारियों को बंधक बनाकर जबरन पैसे वसूलने के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। यूपी के जिला फरुखाबाद के गांव नंगला टीकुरा निवासी रणजीत सिंह ने अपनी शिकायत बताया था कि वह अपनी अर्टिका गाडी में चालक पुष्पेन्द्र के साथ यूपी से सवारी लेकर बुकिंग पर खाटूश्यामजी गये थे। गाड़ी की बुकिंग यूपी निवासी सुधीर कुमार, अवनिष, जगदीश, जानेष व पूजा ने की थी। गत 13 अप्रैल को खाटू श्याम जी से वापस आते समय गाड़ी के ड्राइवर ने शराब पी ली थी। जिस कारण उन्होंने जयसिंहपुर खेडा बॉर्डर के पास गाड़ी को साईंड में रोक लिया था। इस दौरान पिछे से आई एक अर्टिका गाडी में से पांच लडके उतरे, जिन्होने कुछ देर बात करने के बाद ड्राईवर पुष्पेन्द्र से जबरदस्ती उनकी गाड़ी की चाबी ले ली और उन्हें थाने में चलने के लिए कहा गया। जो उनकी गाडी को एक गब्बर नाम का व्यक्ति चलाने लगा, जिसमे सुधीर, पूजा, जानेष व अवनिष बैठ थे। गब्बर के चार साथियों ने उसे, ड्राइवर पुष्पेन्द्र व जगदीश को अपनी गाड़ी में बिठा लिया। सभी उन्हें दिल्ली की तरफ लेकर चल दिये। इस दौरान उनकी गाड़ी में सीएनजी खत्म होने कारण फ्लाईओवर के पास पेट्रोल पम्प पर सीएनजी डलवाते समय अवनिष व पुजा पेट्रोल पम्प पर उतर गए तथा आरोपी गब्बर ने सुधीर को जबरदस्ती गाड़ी में बिठाए रखा। अवनिष व पूजा पेट्रोल पम्प पर डर के मारे दौबारा गाड़ी में नहीं बैठे। जो सभी आरोपी उन्हें धमकाकर गाड़ी मे घुमाते रहे।



पुलिस गिरफ्त में लूटपाट के आरोपी।

#### पहले तीन आरोपियों को किया था गिरफ्तार

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना बावल में मामला दर्ज करने के बाद जांच करते हुए प्राणपुरा निवासी गब्बर, गांव गंगायचा जाट निवासी मनीष व गांव भैरामपुर भडंगी निवासी मोनू को गिरफ्तार किया था। अब इस मामले में पुलिस ने प्राणपुरा निवासी नवीन उर्फ बोगा व गांव मुकंदपुर बसई निवासी पवन को गिरफ्तार किया है।

## राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ ने टैक्स माफी योजना के लिए सीएम का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रेवाड़ी

राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के शिष्ट मंडल ने दिल्ली हरियाणा भवन में मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने मुलाकात की। हरियाणा प्रदेश में व्यापारियों, छोटे दुकानदारों व उद्यमियों के लिए टैक्स माफी की योजना लागू की है। एक लाख रुपये तक का पूर्णतः टैक्स व ब्याज माफ, एक लाख से 10 लाख तक 40 प्रतिशत माफ व दस लाख से ऊपर 50 प्रतिशत टैक्स माफ किए जा रहे हैं। इसके लिए राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट भूपेन्द्र सिंह गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मदन लाल गोयल, हरियाणा प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र वशिष्ठ, एडवोकेट बलजीत सिंह, अंकित लोहिया व सहदेव वर्मा सहित हरियाणा की सभी ट्रेड एसोसिएशन के प्रधानों व व्यापारियों की ओर से मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सरकार ने व्यापारियों में उत्साह भरने का कार्य किया है। राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के पदाधिकारियों ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से भी मुलाकात की और ऐसी योजना व अन्य कल्याणकारी योजनाएं लागू करने का आग्रह किया।



रेवाड़ी। मुख्यमंत्री से मिलते राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ के पदाधिकारी।

## आरपीएस स्कूल में नन्हे बच्चों ने उठाया स्विमिंग पुल पार्टी का लुत्फ



**कोसली।** भीषण गर्मी में आरपीएस पब्लिक स्कूल कोसली में स्विमिंग पुल पार्टी का आयोजन किया गया। नन्हे बच्चों ने उत्साह और उमंग के साथ पानी में जमकर मस्ती की। पार्टी के दौरान बच्चों ने विभिन्न खेलों में भाग लिया, तैराकी के साथ-साथ म्यूजिक और डांस का भी आनंद लिया। शिक्षकों और स्टाफ की देखरेख में बच्चों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ सामाजिक और शारीरिक विकास के अवसर देना था। प्रधानाचार्या अंजू यादव ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों के लिए बेहद लाभकारी होती हैं। विद्यालय चेयरमैन श्रीभगवान यादव व डायरेक्टर हंसराज यादव ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक और मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके।

## सीजीएसटी के करोड़ों रुपये के गोलमाल का एक और आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रेवाड़ी

सेक्टर-5 में फर्जी फर्म बनाकर सरकार को करोड़ों रुपये की सीजीएसटी की चपत लगाने के मामले में एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में तीन आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। डीसीपी फरीदाबाद को प्रेषित पत्र में सीजीएसटी के सहायक आयुक्त भगवान सिंह ने बताया कि सीजीएसटी ऑफिस से एक फर्म मैसर्स स्नेहा एक्सपोर्ट पंजीकृत कराई गई थी। फर्म का पता सेक्टर-5 पंजाबी धर्मशाला के सामने दर्शाया गया था। जांच में पाया गया यह फर्म अस्तित्व में ही नहीं थी। फर्म माल की फर्जी खरीद दर्शाती रही। माल की आपूर्ति भी फर्जी तरीके से दिखाई गई। फर्म ने सीजीएसटी विभाग को फर्जी दस्तावेज पेश करते हुए इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ लेना शुरू कर दिया। फर्जी तरीके से खरीदे गए माल को एक्सपोर्ट किया गया। यह फर्म आईजीएसटी रिटर्न का लाभ उठाती रही। इससे सरकार को लगभग 4.52 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया गया। डीसीपी ऑफिस की ओर से पत्र को जिला पुलिस के पास भेजा गया, जिसके आधार पर पुलिस ने जालसाजी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी रोहित सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया था। अब पुलिस ने दिल्ली के रोहिणी निवासी राकेश गर्ग को गिरफ्तार किया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो :हरिभूमि

#### आरोपी ने फर्जी साइन से निकाले 1.10 करोड़

पुलिस शिकायत में सीजीएसटी अधिकारी ने बताया कि फर्म के काठमंडी स्थित एसबीआई शाखा में चल रहे खाते को सीजीएसटी कमिश्नर ने पत्र लिखकर सीज करा दिया था। उस समय फर्म के खाते में लगभग 3.29 करोड़ रुपये राशि जीएसटी रिटर्न के रूप में आई थी। राकेश गर्ग ने कमिश्नर सोनिया मार्टिन के फर्जी साइन करते हुए बैंक खाते को अनसीज कराकर 1.10 करोड़ रुपये निकवाए थे। उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

### लू के थपेड़ों से अस्त-व्यस्त हुआ सामान्य जनजीवन, गर्म हवाएं चलने से शाम तक घरों में दुबके रहे लोग

# झुलसाने वाली गर्मी से कर्फ्यू जैसा नजारा, पहली बार 45 डिग्री पर पहुंचा पारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸। रेवाड़ी

गर्मी का सीजन शुरू होने के बाद पहली बार तापमान 45.0 डिग्री पर पहुंचने से सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया। भारी गर्मी व लू के थपेड़ों के कारण लोग दोपहर तक घरों से बाहर नहीं निकले, जिससे बाजार में कर्फ्यू जैसे हालात बने रहे। शाम के समय आंशिक बादल छाने के बाद भारी गर्मी से कुछ हद तक राहत मिली। अगले तीन-चार दिनों तक गर्मी के तेवर तल्ख बने रह सकते हैं, जिससे लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है। मई माह शुरू होने के बाद मौसम की मेहरबानी ने लोगों को भारी गर्मी के असर से बचाए रखा। तापमान 40.0 डिग्री से नीचे बना रहा, जिससे लू के प्रकोप से निजात मिली रही। कई बार बादलों व तेज हवाओं के बीच बूंदाबांदी होने से मौसम खुशगवार बना रहा था। लोग मई माह में पड़ने वाली भारी गर्मी से बचे हुए थे। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 2.0 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 45.0 डिग्री पर पहुंच गया। यह इस सीजन का सर्वाधिक तापमान है। न्यूनतम तापमान भी 4.0 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 24.0 डिग्री पर आ गया। सुबह से ही आसमान साफ रहने के कारण तेज धूप के चलते दोपहर तक लू का प्रकोप शुरू हो गया। लू के थपेड़ों के कारण लोग शाम तक घरों से बाहर नहीं निकले। बाजार से लेकर सड़कों तक पर सन्नाटा छाया रहा। सड़कों पर वाहनों की संख्या भी काफी कम देखने को मिली। रात का तापमान बढ़ने के कारण अब गर्मी लोगों की नींद हराम करने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार गर्मी के तेवर तीन-चार दिन तक तल्ख बने रह सकते हैं। लू के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। बीच-बीच में आसमान में बादल छा सकते हैं। तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी भी हो सकती है, परंतु तापमान में ज्यादा गिरावट आने की संभावना नहीं है।



रेवाड़ी। नई अनाजमंडी में शुक्रवार को भीषण गर्मी में कर्फ्यू जैसा नजारा।

#### तीन दिन में बढ़ी 10 लाख यूनिट खपत

भारी गर्मी का प्रकोप शुरू होने के साथ ही बिजली की खपत हर दिन बढ़ रही है। तीन दिन के अंतराल में जिले में 10 लाख यूनिट बिजली की खपत बढ़ी है। डोमेस्टिक सप्लाई की खपत एसी और कूलरों का उपयोग बढ़ने के साथ ही बढ़ रही है। 13 मई को जिले में बिजली की खपत 78.83 थी। 14 मई को यह बढ़कर 81.41 पर आ गई। तापमान 42 डिग्री के पार पहुंचने के बाद बीते वीरवार को बिजली की खपत बढ़कर 88.83 लाख यूनिट पर पहुंच गई। बिजली निगम पर लोड बढ़ रहा है। ट्रांसफार्मरों को ठंडा रखने के लिए कूलर चलाए जा रहे हैं। खपत बढ़ने के कारण पावर कटों में भी वृद्धि होने लगी है। जगमग योजना के फीडरों पर भी कट लगाए जा रहे हैं।

## इन सेलेब्स ने भी बनाया कान्स में रिकॉर्ड

*78वां कान्स फिल्म फेस्टिवल इस समय दुनियाभर में छाया हुआ है। देश-दुनिया से कई कलाकार इस भव्य समारोह का हिस्सा बन रहे हैं। इसी बीच भारत की नितांशी गोयल इस साल इस फेस्टिवल में शामिल होने वाली सबसे कम उम्र की एक्ट्रेस बन गई हैं। चलिए आपको बताते हैं इससे पहले सबसे कम उम्र के कौन-कौन से कलाकार इस फेस्टिवल में शामिल हो चुके हैं।*

### युया यागिरा

साल 2004 में जापान के युया यागिरा ने महज 16 साल की उम्र में 'नोबडी नोज'फिल्म के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड जीता था।

### लुई माले

वहीं. 1956 में फ्रेंच डायरेक्टर लुई माले को 24 की उम्र में 'द साइलेंट वर्ल्ड' के लिए पाल्म डी'ओर से नवाज़ा गया था।

### वलेरिया कोट्टो और ब्रुकलिन प्रिंस

2017 में फिल्म 'द फ्लोरिडा प्रोजेक्ट'के लिए महज 6 साल की उम्र में वलेरिया कोट्टो और 7 साल के ब्रुकलिन प्रिंस ने भी फेस्टिवल में शिरकत की थी।

### अवनीत कौर

2024 में भारतीय एक्ट्रेस अवनीत कौर ने 'लव इन वियतनाम'का पोस्टर लॉन्च कर 22 साल की उम्र में अपने डेब्यू से सबका ध्यान खींचा था।



कान्स के रेड कारपेट पर वॉक करने वाली

# सबसे युवा भारतीय एक्ट्रेस बनीं नितांशी

एजेंसी ▶▶| पेरिस

78वें कान फिल्म फेस्टिवल में 'लापता लेडीज' फेम एक्ट्रेस नितांशी गोयल रेड कार्पेट पर उतर चुकी हैं। इसके साथ ही वो सिर्फ 17 साल की उम्र में कान के रेड कार्पेट पर उतरने वाली पहली बॉलीवुड अभिनेत्री भी बन गईं। ब्लैक ऑफ शोल्डर गाउन में नीतांशी का लुक काफी वायरल हो रहा है। नीतांशी ने कान में अपने डेब्यू पर खुशी जताते हुए अपनी तस्वीरों के साथ एक पोस्ट भी सोशल मीडिया पर साझा की है।

### नितांशी ने इंस्टाग्राम पर जाहिर की खुशी

कान्स की रेड कार्पेट पर अपने डेब्यू से उत्साहित नीतांशी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की है। इस पोस्ट में नितांशी ने लिखा, 'मैंने कान्स में रेड कार्पेट पर वॉक किया। यह कहना अभी भी एक सपना लगता है। इस मंच पर भारतीय सिनेमा का प्रतिनिधित्व करना एक सम्मान है, जिसे मैं हमेशा संभालकर रखूंगी। मेरे परिवार, मेरी टीम, मेरे दर्शकों को - मुझे प्यार करने, मेरा मार्गदर्शन करने और मेरे साथ खड़े रहने के लिए धन्यवाद। यह सिर्फ मेरा पल नहीं है, यह हमारा है।'

### ब्लैक गाउन में बिखेरा जलवा

नितांशी गोयल कान में फिल्म डोजियर 137 की स्क्रीनिंग के लिए पहुंची थीं। कान के अपने डेब्यू में नितांशी मोनिका और करिश्मा के डिजाइन किए हुए ब्लैक कलर के ऑफ शोल्डर गाउन में नजर आईं। जिसमें भारी गोल्डन एम्ब्रॉइडरी थी। कान के लिए उन्हें श्रे और ऊर्जा ने स्टाइल किया था। नितांशी ने अपने लुक को चोकर नेकलेस, स्टड ईयरिंग्स और एक सटल हेयरस्टाइल के साथ बेहद खूबसूरती से कंप्लीट किया।

### बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्रियों को दिया ट्रिब्यूट

नितांशी के रेड कार्पेट लुक के अलावा उनका ट्रेडिशनल इंडियन लुक भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। उन्होंने आइवरी साड़ी पहनकर इंडियन सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्रियों को ट्रिब्यूट दिया। दरअसल, एक्ट्रेस ने अपने बालों में एक खूबसूरत हेयर एक्सेसरी लगा रखी थी। जिसमें मोतियों की माला लगी हुई थी और इसमें छोटे-छोटे फ्रेम लगे हुए थे। इन फ्रेम में मधुबाला, रेखा, श्रीदेवी, वैजयंती माला, हेमा मालिनी, वहीदा रहमान और नूतन जैसी मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्रियों की तस्वीरें लगी हुई थीं। नितांशी का यह लुक काफी वायरल हुआ और लोगों ने इसे खूब पसंद किया।



## रॉबर्ट ने अनुपम खेर को किया किस

हॉलीवुड के दिग्गज स्टार रॉबर्ट डी नीरो को कान्स फिल्म फेस्टिवल में पाम डी'ओर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसे लेकर बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने उन्हें बधाई देते हुए एक्टिंग का गॉडफादर बताया था और अपना दोस्त भी कहा था। अब कान्स में अनुपम खेर की मुलाकात रॉबर्ट से हुई है, जिसका एक शानदार वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में हॉलीवुड एक्टर अनुपम खेर को गाल पर चूमते हुए दिखाई दे रहे हैं। बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह हॉलीवुड सुपरस्टार रॉबर्ट डी नीरो से मिलते हुए दिख रहे हैं। इस वीडियो में उन्होंने कहा कि वह रॉबर्ट से मिलकर बहुत खुश हैं और वह बहुत सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें उनके जैसा दोस्त मिला। इसके अलावा अभिनेता ने कहा कि कुछ रिश्ते ऐसे होते हैं कि वो जब भी मिलते हैं तो उसी गर्मजोशी से शुरू होते हैं, जैसे पिछली बार मिले थे। इतना कहने के दौरान अनुपम खेर, रॉबर्ट से गले मिलते हैं और रॉबर्ट उन्हें एक प्यारा सा किस गाल पर करते हैं। अनुपम खेर ने यह वीडियो पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा कि उनका कान के दौरान सबसे महान अभिनेता से गले मिलना हुआ। इसके आगे अभिनेता ने कहा, 'कान में अपने दोस्त रॉबर्ट डी नीरो, उनकी पत्नी टिफनी और उनकी खूबसूरत बेटी जिया से मिलना सबसे अद्भुत एहसास था। उनके प्यार और स्नेह ने मेर दिल को छू लिया। कान फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन पर सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार पाम डी'ओर पुरस्कार जीतने के लिए उन्हें बधाई।'

## आखिर क्या है कान्स फिल्म फेस्टिवल, कब शुरू हुआ और क्या है इसका इतिहास

*दुनिया का सबसे प्रतिष्ठित फिल्म समारोह ' कान्स फिल्म फेस्टिवल' है। कान्स फिल्म फेस्टिवल का आयोजन हर साल फ्रांस के कान में किया जाता है। प्रतिष्ठित 78वां कान फिल्म महोत्सव 13 मई से 24 मई तक आयोजित किया जा रहा है। यह फेस्टिवल पूरे 12 दिनों तक चलेगा, जिसमें कुछ ग्रैंड फिल्म स्क्रीनिंग की जाएगी।*

### किसने शुरू किया और क्यों?

कान्स फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत फ्रांस सरकार और फ्रांसीसी सिनेमा उद्योग ने मिलकर की थी। इसका मुख्य उद्देश्य विश्व सिनेमा को बढ़ावा देना, नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और विभिन्न देशों की संस्कृतियों को फिल्मों के माध्यम से एक-दूसरे के करीब लाना था। उस समय, इटली में वेनिस फिल्म फेस्टिवल बहुत लोकप्रिय था, लेकिन फ्रांस ने एक ऐसा समारोह शुरू करना चाहा, जो कला और स्वतंत्र सिनेमा को प्राथमिकता दे। इस तरह, कान्स फिल्म फेस्टिवल की नींव रखी गई।



**कहां होता है:** कान्स फिल्म फेस्टिवल न केवल सिनेमा का उत्सव है, बल्कि यह कला, संस्कृति और रचनात्मकता का एक अनूठा संगम है, जो हर साल दुनिया भर के लोगों को प्रेरित करता है। कान्स, हर साल फ्रांस के खूबसूरत शहर कान में आयोजित किया जाता है। यह फेस्टिवल फिल्म निर्माताओं, अभिनेताओं, निर्देशकों और सिनेमा प्रेमियों के लिए एक ऐसा मंच है, जहां नई और रचनात्मक फिल्मों को प्रदर्शित किया जाता है।

**कब हुआ शुरू - कान फिल्म फेस्टिवल?** : कान्स फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत साल 1946 से हुई थी। पहला समारोह 20 सितंबर से 5 अक्टूबर 1946 तक आयोजित किया गया था। हालांकि, इसे 1939 में शुरू करने की योजना थी, लेकिन द्वितीय विश्व युद्ध के कारण इसे स्थगित करना पड़ा था।

### हर साल कान में होता है यह भव्य फिल्म फेस्टिवल?

कान्स फिल्म फेस्टिवल हर साल मई महीने में आयोजित किया जाता है, जो लगभग 10-12 दिनों तक चलता है। इसका उद्देश्य नई फिल्मों को दुनिया के सामने लाना। फेस्टिवल में विश्व भर की बेहतरीन फिल्में दिखाई जाती हैं, जिनमें से कई को पुरस्कार मिलते हैं, जैसे 'पाम डी'ओर', जो सबसे बड़ा पुरस्कार है। एक तरह से कहा जाए तो सिनेमा की कला को सम्मान देना और समारोह में रचनात्मकता, कहानी कहने की कला और सिनेमाई तकनीकों को बढ़ावा देना होता है।

## कान्स फिल्म फेस्टिवल में भारत पवेलियन का उद्घाटन

गुरुवार को 78वें कान फिल्म महोत्सव में भारत पवेलियन का आधिकारिक उद्घाटन किया गया। यह भारत के बढ़ते वैश्विक सिनेमा की ओर एक और महत्वपूर्ण कदम है। उद्घाटन के दौरान फिल्म निर्माता और इफ्फी और एनएफडीसी के निदेशक शेखर कपूर मौजूद रहें। उनके साथ अनुपम खेर और राजदूत और राजनयिक संबंधों के लिए विशेष प्रतिनिधि ऐनी-लुईस मेसाडियू भी शामिल हुए।

### अनुपम खेर ने साझा किए विचार

दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने एक विशेष संबोधन दिया, जिसमें भारतीय सिनेमा के सफर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के अपने व्यक्तिगत अनुभवों को साझा किया। अभिनेता ने कहा, 'मैं अपने देश से आठ साल छोटा हूं और हम साथ-साथ बड़े हुए हैं। हमने वाकई बहुत अच्छा किया है। यह मेरा कान में पहला मौका है।

### आस्था गिल ने 'सारे जहां से अच्छा' गाकर किया भावविभोर



**आस्था गिल ने गाया 'सारे जहां से अच्छा':** इस अवसर पर मशहूर भारतीय गायिका आस्था गिल ने 'सारे जहां से अच्छा' गाकर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मंच पर मार्सिले में भारत के महावाणिज्य दूतावास के रूपज्योति ब्रह्म कारजी भी मौजूद थे, जिनका सहयोग भारत-फ्रांस सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने में सहायक रहा है।

### ऐनी-लुईस मेसाडियू ने किया स्वागत

इस दौरान अपने संबोधन में ऐनी-लुईस मेसाडियू ने कान में भारत पवेलियन का स्वागत किया। उन्होंने भारत के सिनेमाई इतिहास और सीमाओं से परे कहानियां कहने की क्षमता की प्रशंसा की। वहीं, अपने उद्घाटन भाषण में शेखर कपूर ने सिनेमा की परिवर्तनकारी शक्ति और विश्व मंच पर एक रचनात्मक शक्ति के रूप में भारत की उभरती भूमिका पर प्रकाश डाला।

### इफ्फी 2025 का ट्रेलर हुआ लॉन्च

समारोह में 'इफ्फी 2025' का पोस्टर और ट्रेलर का लॉन्च किया गया। एनएफडीसी इंडिया के फिल्म प्रमोशन के महाप्रबंधक गौतम भनोट ने कहा, 'इफ्फी का नया पोस्टर 'कन्वर्जेंस ऑफ क्रिएटिविटी एंड टेक्नोलॉजी' का प्रतिबिंब है। भारत प्रौद्योगिकी को अपनाने और वैश्विक सामग्री निर्माण क्षेत्र में एक प्रमुख भूमिका निभाने के लिए तैयार है।'



## वो सिर्फ ग्लैमर देखते हैं, मेहनत नहीं

**मुंबई।** हाल ही में 'द भूतनी'में नजर आईं अभिनेत्री मौनी रॉय अपने लुक में बदलाव करने और प्लास्टिक सर्जरी कराने को लेकर ट्रोलर्स के निशाने पर हैं। लोगों का कहना है कि मौनी ने प्लास्टिक सर्जरी कराई है और इसी वजह से अब वो ट्रोलर्स के निशाने पर आ गई हैं। अब ट्रोलिंग और अपने लुक में बदलाव पर मौनी रॉय ने बात करते हुए प्रतिक्रिया दी है। मौनी रॉय ने सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग को लेकर प्रतिक्रिया दी। अभिनेत्री ने कहा, 'अब यह सब मुझे परेशान नहीं करता। मैं पहले उन्हें ब्लॉक कर देती थी। वे कितनी दयनीय जिदगी जी रहे हैं। अगर इससे उनको खुशी मिलती है, तो ऐसा ही करें। इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता।' मौनी ने आगे कहा, 'जब कोई कैरेक्टर को लेकर गलत बोलता है, तो कभी-कभी मुझे बुरा लगता है। लेकिन, बाकी नहीं। वो केवल ग्लैमर देखते हैं, मेहनत नहीं।



## अनन्या पांडे ने करवाई हिप्स की सर्जरी?

**मुंबई।** अनन्या पांडे बॉलीवुड में अपनी जगह बना चुकी हैं। जब वह फिल्मों में आईं तो उनकी कई वजहों से ट्रोलिंग हुई। उन्हें नेपोकिड कहा गया तो बॉडीशेम भी किया गया। अब उन्होंने कहा कि जब वह पतली थीं तो मजाक उड़ाया जाता था। अब उम्र बढ़ने के साथ शरीर भर रहा है तो भी लोग बोलते हैं कि सर्जरी करवाई है। अनन्या पांडे बोलीं, 'जब मैं फिल्मों में आई तो 18 या 19 साल की थी, मैं बहुत पतली थी। हर कोई मेरा मजाक उड़ाता था। लोग बोलते थे, 'तुम्हारे पैर मुर्गे जैसे हैं। तुम माचिस की तीली लगती हो। तुम्हारे ब्रेस्ट्स नहीं हैं, तुम्हारे हिप्स नहीं हैं।' तो पहले ये सब था।' अनन्या आगे बोलीं, 'अब मैं नैचुरली बढ़ रही हूं, मेरा शरीर भर रहा है तो लोग ये सब बोल रहे हैं, 'हो ही नहीं सकता, उसने तो अपने बट्स की सर्जरी करवाई है।

## राजू और श्याम तो रहेंगे पर बदल जाएंगे 'बाबू भैया'!



**मुंबई।** बॉलीवुड की सबसे आइकॉनिक कॉमेडी फिल्मों में से एक 'हेरा फेरी'का तीसरा भाग लंबे समय से सुर्खियों में बना हुआ है। फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि कब राजू, श्याम और बाबू भैया की तिकड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाल मचाएगी। लेकिन अब फैंस को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, रिपोर्ट्स की मानें तो अभिनेता परेश रावल ने फिल्म 'हेरा फेरी 3' को छोड़ दिया है। जी हां, एक्टर अब अपने फेमस किरदार बाबूराव के रूप में फैंस को एंटरटेन करते हुए नजर नहीं आएंगे। इस खबर के सामने आते ही फैंस हैरान रह गए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक परेश रावल ने क्रिएटिव मतभेदों के चलते फिल्म को अलविदा कहा है। वो फिल्म की स्क्रिप्ट से खुश नहीं थे इसलिए उन्होंने फिल्म को छोड़ना ही बेहतर समझा। रिपोर्ट की मानें तो परेश रावल इस सीक्वल को लेकर काफी असमंजस में थे और अंत में उन्होंने इससे हटने का फैसला ले लिया। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो एक्टर ने फिल्म के लिए मुहुर्त शॉट भी पूरा कर लिया था। लेकिन कुछ समय पहले दिए गए एक इंटरव्यू में परेश रावल ने साफ कहा था कि वह इस सीक्वल से खुद को जोड़कर खुश नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि यह किरदार अब उनके लिए एक बोझ जैसा हो गया है और वह सिर्फ इसलिए इस फिल्म को कर रहे थे ताकि प्रोजेक्ट अटका न रह जाए। हालांकि, फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े कुछ सूत्रों का मानना है कि जैसे 2022 में अक्षय कुमार के फिल्म से बाहर होने के बाद उनकी वापसी हुई थी, वैसे ही परेश रावल भी आखिरी वक्त पर वापसी कर सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक अब भी अगर बातचीत सही दिशा में जाती है, तो परेश को मनाया जा सकता है।

## टीवी मसाला



## 'बड़े अच्छे लगते हैं' में अपर्णा दीक्षित बनेंगी विलेन

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया में एक बार फिर हलचल मचने वाली है, क्योंकि एकता कपूर का चर्चित शो 'बड़े अच्छे लगते हैं नया सीजन जल्द ही लौट रहा है। आईपीएल खत्म होते ही ये रोमांटिक ड्रामा छोटे पर्दे पर धमाकेदार वापसी करेगा। इस बार शो में एक नहीं, बल्कि कई ट्विस्ट्स और टर्न्स होंगे, जो लोगों को बांधे रखेंगे। शो की सबसे बड़ी हाईलाइट है हर्षद चोपड़ा और शिवांगी जोशी की फ्रेश जोड़ी, जिसे देखने के लिए फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दोनों ही टीवी इंडस्ट्री के बड़े नाम हैं और पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। इस नई जोड़ी से रोमांस और इमोशन्स की डबल डोज मिलने वाली है। शो में तड़का लगाने आ रही हैं एक्ट्रेस अपर्णा दीक्षित, जो इस बार नेगेटिव रोल प्ले कर सकती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने शो साइन कर लिया है और जल्द ही शूटिंग शुरू करने वाली हैं। हालांकि अभी तक उन्होंने इस बारे में कोई ऑफिशियल बयान नहीं दिया है। गौरतलब है कि अपर्णा इससे पहले 'पवित्र रिश्ता' में एकता कपूर के साथ काम कर चुकी हैं। अपर्णा दीक्षित के अलावा इस सीजन में और भी कई नए चेहरे नजर आएंगे, जिनमें शामिल हैं- ऋषि देशमुख, दिव्यांगना जैन, नितिन भाटिया, रोहित चौधरी,मानसी श्रीवास्तव,गौरव एस बजाज,खुशबू ठक्कर, ज्योति नेगी,पंकज भाटिया और आरुषि हांडा। इन सभी सितारों के साथ 'बड़े अच्छे लगते हैं' का ये नया चैप्टर पहले से भी ज्यादा ग्रिपिंग और ड्रामाटिक होने वाला है। शो को जून 2025 में लॉन्च किया जाना है। एकता कपूर का ये नया सीजन पुराने फॉर्मेट को मॉडर्न ट्विस्ट के साथ पेश करेगा।

## 'वन' का फर्स्ट लुक देख दंग रह गए फैंस

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में एक नई तरह की थ्रिलर फिल्म एंट्री करने जा रही है- नाम है !वनः वन की शक्ति।' जहां आमतौर पर लव स्टोरी या ऐक्शन देखने को मिलता है, वहीं, अब लोगों को मिलेगी एक जंगल की गूंज, जिसकी कहानी पर्दे पर धड़कनों को तेज कर देगी। इस फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया पहली बार साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। बालाजी मोशन पिक्चर्स और एकता कपूर के प्रोडक्शन में बनी '**Vvan: The Force of the Forest**' अब 15 मई 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस डेट का खुलासा फिल्म के सस्पेंस से भरे पोस्टर के साथ किया गया है। पोस्टर में लिखा है – 'जंगल फुसफुसा रहा है अब बल का प्रदर्शन होगा। यानी तैयार हो जाइए एक ऐसे थ्रिलर के लिए, जो जंगल की दुनिया में आपको ले जाएगा। फिल्म को डायरेक्ट अरुणाभ कुमार और दीपिक मिश्रा ने किया है। 'वन' में सिद्धार्थ मल्होत्रा एक पावरफुल लेकिन अनजाने किरदार में नजर आने वाले हैं, वहीं तमन्ना भाटिया का किरदार भी बहुत ही दिलचस्प और साहसी है। टीजर में तमन्ना को नंगे पांव, हाथ में जलती मशाल लिए जंगल की ओर दौड़ते दिखाया गया है। ये सीन ही लोगों को फिल्म की इंटेंसिटी का एहसास करा देता है। फिल्म का कॉन्सेप्ट एकदम नया है। जंगल, रहस्य, शक्ति और रोमांच के इर्द-गिर्द बुनी गई इस कहानी को लेकर फैंस में जबरदस्त एक्साइटमेंट है। 'वन' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक एक्सपीरियंस बनने जा रही है। मेकर्स ने हाल ही में तमन्ना भाटिया का एक टीजर भी शेयर किया था, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है। उनके किरदार की झलक ने ये साफ कर दिया है कि वो फिल्म में केवल ग्लैमर नहीं, बल्कि एक शानदार रोल प्ले कर रही हैं।



'टायॅलेट एक प्रेम कथा' में उत्तर प्रदेश के एक छोटे से नंदगांव की कहानी को दिखाया

# इन फिल्मों में दिखी छोटे शहरों की झलक, कहानी का बने अहम हिस्सा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जल्द ही राजकुमार राव की फिल्म 'भूल चूक माफ' रिलीज होगी। इस फिल्म की कहानी वाराणसी के एक प्रेमी जोड़े की है। फिल्म जरूर टाइम लूप पर है लेकिन इस कहानी के साथ वाराणसी शहर की खूबसूरत झलक भी दर्शकों को देखने को मिलेगी। 'भूल चूक माफ' के अलावा भी कई फिल्में बनी हैं, जिनमें छोटे शहरों की झलक मिली और ये कहानी का अहम हिस्सा भी बने।

### बरेली की बर्फी


अश्विनी अय्यर तिवारी ने फिल्म 'बरेली की बर्फी (2017)' निर्देशित की थी। फिल्म की कहानी बरेली की एक लड़की बिट्टी मिश्रा (कृति सेनन) की थी। इस फिल्म में राजकुमार राव और आयुष्मान खुराना भी नजर आए। इस कहानी में बरेली शहर, वहां की भाषा और लोगों का मस्तमौला मिजाज नजर आया।

### तनु वेड्स मनु

कंगना रनौत स्टारर फिल्म 'तनु वेड्स मनु(2011)' में भी कानपुर का रंग-ढंग दिखा। फिल्म को आनंद एल रॉय ने निर्देशित किया था। निर्देशक ने फिल्म की कहानी को कानपुर शहर के साथ बड़ी की शानदार ढंग से दिखाया था। इस फिल्म में आर माधवन, जिम्मी शेरगिल जैसे एक्टर्स भी अहम किरदार में नजर आए।

### दम लगा के हइशा

आयुष्मान खुराना और भूमि पेडनेकर स्टारर फिल्म 'दम लगा के हइशा(2015)' में 1995 के हरिद्वार को दिखाया गया था। हरिद्वार के घाट, गंगा जी और 90 के दशक का रंग-ढंग इस फिल्म में नजर आया। उस दौर के गाने भी इस फिल्म में सुनने को मिले। इस फिल्म को शरत कटारिया ने निर्देशित किया था।





### टॉयलेट एक प्रेम कथा

अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 'टायॅलेट एक प्रेम कथा(2017)' में तो उत्तर प्रदेश के एक छोटे से नंदगांव की कहानी को दिखाया गया। फिल्म की कहानी का मकसद गांव-देहातों में खुले में शौच की आदत में सुधार लाना था। श्री नारायण सिंह द्वारा निर्देशित इस फिल्म में भूमि पेडनेकर ने अक्षय कुमार के किरदार की पत्नी का रोल किया था।



### जॉली एलएलबी 2

अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 'जॉली एलएलबी 2(2017)' में लखनऊ शहर, वहां की कोर्ट-कचहरी दर्शकों को देखने को मिली। सुभाष कपूर निर्देशित इस फिल्म में अक्षय ने एक वकील का किरदार किया, हुमा कुरैशी पुष्पा पांडे के रोल में नजर आईं।

### इन फिल्मों में भी दिखीं अलग-अलग शहरों की झलक

- फिल्म 'उड़ान (2010)' में भी जमशेदपुर दिखाया गया है। फिल्म को विक्रमादित्य मोटवानी ने निर्देशित किया था। इस फिल्म में रोनित रॉय, राम कपूर जैसे कलाकार नजर आए।
- साल 2013 में रिलीज हुई आनंद एल रॉय निर्देशित फिल्म 'रांझणा' में भी वाराणसी शहर कहानी का अहम हिस्सा था। फिल्म में लीड रोल में सोनम कपूर और धनुष नजर आए।
- मसान (2015) फिल्म में भी वाराणसी शहर के रहने वाले कुछ लोगों की दिल को छू लेने वाली कहानियां दिखीं। इस फिल्म को नीरज घेवान ने निर्देशित किया था।
- शुद्ध देसी रोमांस (2013) में भी जयपुर शहर के खूबसूरत रंग नजर आए। इस फिल्म में लीड रोल में सुशांत सिंह राजपूत, परिणीति चोपड़ा और वाणी कपूर नजर आए। इसी तरह 'केदारनाथ' फिल्म में केदारनाथ धाम की झलक मिलीं।

खबर संक्षेप



### हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या 20 को

**रेवाड़ी।** सोलहराही सेक्टर-1 स्थित प्राचीन इच्छापूर्ण चोले वाले हनुमान मंदिर में 20 मई शाम को 5 बजे से सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद मंदिर परिसर में 7 बजे से भंडारे का आयोजन होगा। मंदिर के पुजारी बिजेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि कार्यक्रम में रेवाड़ी से गायक गोपाल वर्मा व दिल्ली से गायक धर्मबीर फौजी मनमोहक भजनों के माध्यम से बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। सुंदरकांड पाठ के मुख्य यजमान लोहिया परिवार के सदस्य होंगे। मंदिर के संस्थापक भूपेन्द्र गुप्ता ने कहा कि प्राचीन इच्छापूर्ण चोले वाले हनुमान मंदिर के बाबा के प्रति लोगों की काफी आस्था है। बाबा के भक्तों के सहयोग से मंदिर में प्रति माह सुंदरकांड पाठ व भंडारे का आयोजन किया जाता है।

### जेसी-4 सब स्टेशन में कार्य के कारण बाधित रहेगी बिजली

**रेवाड़ी।** शहर के गढ़ी बोलनी रोड स्थित जेसी-4 सब स्टेशन में शनिवार को मरम्मत कार्य के कारण ढाई घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सब स्टेशन के इंचार्ज तरुण शर्मा ने बताया कि मरम्मत कार्य के चलते सुबह 9 बजे से 11:30 बजे तक बिजली सप्लाई बंद रखी जाएगी। कार्य के कारण सब स्टेशन से चलने वाले 11केवी लाधूवास फीडर, आइओसी, मनचंदा, गुरुटेक, बीएमजी, बिठवाना एपी, भवाड़ी डीएस, संगवाड़ी एपी, साल्हावास एपी, हैफेड, लालपुर वाटर वर्क्स, केएसएल व सेक्टर-18 फीडर की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

### बाइक चोरी मामले में नवाज शरीफन गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना माडल टाऊन पुलिस ने बाइक चोरी करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। एक आरोपी को पुलिस इस मामले में पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।



आनन्द नगर रेवाड़ी निवासी चन्द्रपाल ने अपनी शिकायत में बताया था की 28 दिसम्बर 2016 को वह अपनी बाइक पर किसी काम से माडल टाऊन की कंप्यूटर मार्किट में गया था। उसने अपनी बाइक को दावत होटल के पास खड़ी किया था। जिसे कोई नाम पता नामालूम व्यक्ति चोरी करके ले गए है। जिस पर पुलिस ने थाना माडल टाऊन में चोरी का मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त एक आरोपी जिला नूंह के गांव नेवाना निवासी मनोज को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बाइक को भी बरामद कर लिया था। पुलिस ने इस मामले में दूसरे आरोपी नूंह के गांव टपड़वास निवासी नवाज शरीफ उर्फ बब्बल को गिरफ्तार किया है।

दो महीने से अवैध कॉलोनियों पर चल रही लगातार कार्रवाई

# दो एकड़ में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी जमींदोज, नठेड़ा में चली जेसीबी

कॉलोनाइजर व डीलरों पर नहीं पड़ रहा असर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोसली

डीटीपी की अवैध निर्माण व कॉलोनियों पर लगातार चल रही कार्रवाई से अवैध प्लाटिंग करके कॉलोनियां विकसित करने वाले लोगों में खलबली मची हुई है। जिले में अवैध कॉलोनियों पर पिछले दो माह से चल रही लगातार तोड़फोड़ के बावजूद कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। शुक्रवार को डीटीपी की ओर से कोसली क्षेत्र की गांव नठेड़ा की राजस्व सीमा में अवैध रूप से विकसित हो रही कॉलोनी को जेसीबी से ध्वस्त किया गया। डीटीपी की ओर से अवैध रूप से हो रहे निर्माणों को लेकर नोटिस भी भेजे जा रहे हैं। डीटीपी विभाग की टीम शुक्रवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ कोसली के गांव नठेड़ा में पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने करीब 2 एकड़ जमीन पर विकसित हो रही अवैध कॉलोनी पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की। इस दौरान 5 डीपीसी, 2 चारदीवारी व एक अवैध निर्माण को जमींदाज किया गया। पुलिस बल की मौजूदगी के कारण डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हो सका।



रेवाड़ी। नठेड़ा में अवैध कॉलोनी में निर्माण तोड़ते हुए जेसीबी। फोटो: हरिभूमि

#### नियमित कॉलोनी में प्लाट खरीदे

डीटीपी विभाग में अवैध कॉलोनियां विकसित करने वालों की सूची तैयार की गई है। अनियमित कॉलोनियों में निर्माण करने वालों पर विभाग की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। लोग प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है, जिसके बाद उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ता है। नियमित कॉलोनी में प्लाट खरीदे।



मंदीप सिहाग, डीटीपी

#### नियमित होने का झांसा देकर बेचे जा रहे प्लॉट

जिले में चारों ओर भूमाफियाओं का जाल फैला हुआ है। कृषि भूमि खरीदने के बाद उस पर प्लॉट काटे जा रहे हैं। प्लॉटों की रजिस्ट्री पर पाबंदी होने के बावजूद फुल पेमेंट एग्रीमेंट पर प्लॉट बेचे जा रहे हैं। कई डीलर खरीददारों को कॉलोनी नियमित होने का झांसा देकर प्लॉट बेचे जा रहे हैं। प्लॉट बिकने के बाद प्रॉपर्टी डीलर गायब हो जाते हैं। ऐसे में जब खरीददार निर्माण शुरू करते हैं, तो डीटीपी की काईवाई शुरू हो जाती है।



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए डा. सतीश खोला। फोटो: हरिभूमि

## विद्यार्थियों को फैमिली आईडी व अन्य योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

जिले के करनावास स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रिंसिपल डा. लक्ष्मीनारायण की अध्यक्षता में परिवार पहचान पत्र तथा विद्यार्थियों से संबंधित योजनाओं के लिए जागरूकता कैंप लगाया गया।

एचपीपीए के स्टेट कोऑर्डिनेटर डा. सतीश खोला ने नौवी, दसवीं, ग्यारवीं व बाहरवी कक्षा के छात्रों को सरकार की परिवार पहचान पत्र योजना सहित सभी सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सैकड़ों सरकारी योजनाओं को ऑनलाइन कर दिया गया है व ज्यादातर योजनाएं पेपरलेस हो गई है।

जल्द ही सभी योजनाओं को पेपरलेस कर दिया जाएगा। डा. खोला ने छात्रों को एलईडी के माध्यम से फैमिली आईडी को खोलने तथा सिटीजन कॉर्नर से फैमिली आईडी में गलतियों को ठीक करने, नए व्यक्तियों को जोड़ने तथा मृत व्यक्तियों को हटाने संबंधित सभी प्रक्रिया समझाई। उन्होंने जाति प्रमाण पत्र व आय प्रमाण पत्र सहित अनेक योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में ऊषा यादव, सुनीता यादव, अमिता, ज्योत्सना, अंजू, सुशीला, संजना, संजय, नरपाल, प्रदीप, रेखा व स्नेहा सहित सभी शिक्षक मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री राहत कोष योजना में अब 25 बीमारियों के लिए दी जा रही आर्थिक सहायता

■ डीसी ने मुख्यमंत्री राहत कोष योजना को लेकर बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

हरियाणा सरकार की ओर से गरीब व्यक्तियों को इलाज के लिए लाभ देने के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष योजना चला रही है। सरकार ने मुख्यमंत्री राहत कोष योजना में संशोधन किया है, अब 3 बीमारियों के इलाज के स्थान पर लगभग 25 बीमारियों के इलाज के लिए पीड़ित व्यक्ति को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। डीसी अभिषेक मीणा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में मुख्यमंत्री राहत कोष योजना को लेकर बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि जो जरूरतमंद व पीड़ित व्यक्ति आयुष्मान भारत योजना के तहत कवर नहीं होता, उन व्यक्तियों को मुख्यमंत्री राहत कोष से आर्थिक सहायता राशि प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराई जाएगी ताकि ऐसे व्यक्ति को भी स्वास्थ्य सेवाओं का समय पर लाभ मिल सके। डीसी ने कहा कि आवेदन करने वाले व्यक्तियों का मार्ग दर्शन करके पोर्टल पर आवेदन अपलोड कराएं ताकि उन्हें आर्थिक सहायता मिलने में परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र के माध्यम से अपलोड करने वाले जरूरी दस्तावेजों की अच्छे से जांच करें।

डीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाती है। आवेदक अपनी पीपीपी यानी परिवार पहचान पत्र आईडी के माध्यम से सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए आवेदक अपने चिकित्सा बिल, ओपीडी बिल आदि जैसे अन्य संबंधित दस्तावेज को अपलोड कर मुख्यमंत्री राहत कोष से चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं।



रेवाड़ी। मुख्यमंत्री राहत कोष योजना की बैठक करते हुए डीसी अभिषेक मीणा।

## विभाग से संबंधित शिकायतों का समाधान करते हुए पोर्टल पर रिपोर्ट अपलोड करें विभागाध्यक्षः डीसी

डीसी ने ली समाधान प्रकोष्ठ, एसएमजीटी व सीएम विंडो की समीक्षात्मक बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

हरियाणा सरकार की ओर से आमजन से जुड़ी योजनाओं व सेवारत पोर्टल की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करते हुए शिकायतों का तय सीमा में समाधान किया जा रहा है। शिकायतों के समाधान उपरांत एटीआर भी पोर्टल पर अपलोड की जा रही है। डीसी अभिषेक मीणा ने शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में समाधान प्रकोष्ठ, सीएम विंडो वसोशल मीडिया शिकायत टैकर में आने वाली शिकायतों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीसी अभिषेक ने कहा कि हरियाणा सरकार जनसेवा से जुड़े पोर्टल के माध्यम से लोगों को घर बैठे लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला व उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर जनसेवा को समर्पित होकर लगाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आमजन से जुड़ी योजनाओं व सेवारत पोर्टल की स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे हैं। सभी विभागाध्यक्ष अपने विभाग से संबंधित शिकायतों का समाधान करते हुए पोर्टल पर रिपोर्ट भी अपलोड करें। उन्होंने कहा कि समाधान प्रकोष्ठ की सभी लंबित शिकायतों का एक सप्ताह के अंदर-अंदर समाधान करना सुनिश्चित करें।

डीसी मीणा ने सीएम विंडो की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में सीएम विंडो की लंबित शिकायतों को कम करने के लिए अच्छा कार्य किया है, जिसके लिए डीसी ने सभी विभागाध्यक्षों की प्रशंसा की। सभी अधिकारी सीएम विंडो से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लें और समयबद्ध निपटान करें। हर रोज पोर्टल चेक करें और समय पर एक्शन टेकन रिपोर्ट अपलोड करें। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसएमजीटी की समीक्षा करते हुए डीसी ने कहा कि एसएमजीटी पोर्टल पर आने वाली शिकायतों की निगरानी रखें और नई शिकायतों का तय सीमा में समाधान करें। एसएमजीटी की शिकायतों के लिए नियुक्त कर्मचारी को सही ट्रेनिंग दे और विभागाध्यक्ष स्वयं मॉनिटरिंग करते हुए पोर्टल पर आने वाली शिकायतों का समाधान करें।



रेवाड़ी। योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर बैठक लेते डीसी अभिषेक मीणा।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएएस रूहानी, एडीसी अनुपमा अंजलि, नगराधीश प्रीति रावत व डीएसपी विनोद शंकर सहित सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।



रेवाड़ी। प्रधान सचिव की वीसी में भाग लेते डीसी व अन्य अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### ग्रामीण हाउसिंग योजनाओं को जिले में प्रभावी तरीके से लागू करें अधिकारीः उपायुक्त

**रेवाड़ी।** डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही ग्रामीण हाउसिंग योजनाओं को जिले में प्रभावी तरीके से लागू किया जाए ताकि प्रत्येक जरूरतमंद लाभार्थी के प्लाट व मकान का सपना पूरा हो सकें। डीसी अभिषेक मीणा ने शुक्रवार को ग्रामीण हाउसिंग स्कीमों की प्रगति की समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग उपरांत अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीसी ने जिले की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए प्रधान सचिव के साथ योजनाओं की वर्तमान स्थिति, आवेदन की स्थिति और लाभार्थियों को दिए जा रहे लाभों की जानकारी साझा की। डीसी ने कहा कि पात्र ग्रामीण परिवारों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि आवास योजनाओं के तहत पक्के मकान हर पात्र नागरिक का अधिकार हैं। डीसी मीणा ने बताया कि जिले में पीएमएवाई-जी 2.0 के तहत ग्राम सचिवों की टीम की ओर से जरूरतमंदों का सर्वे किया जा रहा है और ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदनों को दर्ज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभागीय स्तर पर निरंतर समीक्षा की जा रही है ताकि सभी पात्र परिवारों को योजना से जोड़ा जा सके। मीटिंग के दौरान मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना 2.0 के प्रथम व द्वितीय फेज, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 की समीक्षा की गई।

## भाकियू चढ़ूनी की बैठक में किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा

■ किसानों व मजदूरों की मांगों को लेकर जल्द ही विरोध प्रदर्शन किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी की ओर से राजपुरा खोरी में खोल ब्लॉक के प्रधान राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता के बैठक आयोजित की गई। यूनियन के प्रधान समय सिंह ने बताया कि जिले में अभी तक लगभग 80 हजार एकड़ फसल का 2023 की भावांतर राशि नहीं आई है और न ही पिछले दिनों हुई ओलावृष्टि की मुआवजा राशि दी गई है। कोसली, बावल व धारूहेड़ा क्षेत्र के किसानों की ओजावृष्टि से फसल खराब हो गई थी। प्रधान ने कहा कि सरकार ढांचे का एक नया कानून लाई है, जिसका भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी विरोध करती है। उन्होंने कहा कि किसानों व मजदूरों की मांगों को लेकर जल्द ही विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जिला कोर कमेटी के अध्यक्ष श्याम सुंदर ने बताया कि आगामी माह जून में यूनियन के राष्ट्रीय प्रधान गुरनाम सिंह आ रहे हैं। रेवाड़ी में एक राज्य स्तरीय रैली भी की जाएगी, जिसके लिए अभियान चलाकर ग्रामीणों को निमंत्रण दिया जाएगा। इस अवसर पर गांव के कई लोगों ने यूनियन की सदस्यता भी ग्रहण की। इस मौके के उप प्रधान ओपी यादव, कैशियर मनीषा यादव व जिला कोर कमेटी के सदस्य सुजान सिंह, जगत सिंह व होशियार सिंह सहित कई किसान नेता मौजूद थे।



रेवाड़ी। बैठक में यूनियन सदस्यों का स्वागत करते ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

## राजकीय स्कूल हांसाका के मेधावी विद्यार्थी सम्मानित



रेवाड़ी। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए अतिथि व शिक्षक। फोटो :हरिभूमि

रेवाड़ी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि डीपीसी राजेन्द्र शर्मा व विशिष्ट अतिथि योगेश कुमार युवा अनस्टोपेबल एनजीओ कोर्डिनेटर थे। कार्यक्रम में एपीसी प्रदीप कुमार, पूर्व प्रिंसिपल सुमेर सिंह व कंवरपाल यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम में हरियाणा बोर्ड 12वीं परीक्षा में मेरिट प्राप्त करने वाले 8 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। स्कूल में प्रथम स्थान जतिन ने हासिल किया। इसके अलावा पायल शर्मा, चेतना, चंचल, देविका, एकता, दीप्ति व ज्योति को सम्मानित किया गया। प्राचार्या सरोज यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन पीजीटी संस्कृत आशा यादव ने किया। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। डीपीसी राजेन्द्र शर्मा ने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक मौजूद थे।

## पुलिस ने चलाया अभियान, संदिग्ध वस्तुओं की जांच सहित 162 चालकों के काटे चालान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

पुलिस की ओर से जिलेभर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस ने अनेक स्थानों पर नाके लगाकर वाहनों की जांच की। विशेष रूप से वाहनों के कागजात और संदिग्ध वस्तुओं की तलाश की गई। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 162 वाहनों के चालान किए गए। बिना हेलमेट, बिना नंबर प्लेट और बिना वैध कागजात के वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना, संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाना और यातायात नियमों की पालना कराना है। एसपी ने कहा कि पिछले लंबे समय से पुलिस लोगों को यातयात नियम पालन करने के लिए जागरूक कर रही है, लेकिन लोग नियमों का पालन नहीं कर रहे। सबसे अधिक चालक वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग कर रहे है। इसके अतिरिक्त बिना नंबर की बाइक व पटाखे बजाने वाले बुलेट मोटर साइकिल पर ध्यान दिया जा रहा है।

ऐसे वाहनों को जब्त भी किया जा रहा है। पुलिस की ओर से अपील की जा रही है कि वह अपने वाहनों के सभी दस्तावेज साथ रखें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करें। अंडर ऐज बच्चों को वाहन चलाने के लिए न दें। एसपी ने कहा कि इस जांच अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन के सफर को सुरक्षित करना है। वाहन चालक सीमित गति में वाहन चलाए, ट्रैफिक नियमों व लेन ड्राइविंग का पालन करे व गलत जगह पार्किंग न करें।



ेवाड़ी। कार की डिग्गी की जांच करती पुलिस। फोटो :हरिभूमि

## बेटियां भी बेटों की तरह हर क्षेत्र में गांव व माता पिता का नाम कर सकती है रोशन : योगेश

कम लिंगानुपात वाले गांवों में मोबाइल वैन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

गांव भाड़ावास में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और बेटी अपनाओ का संदेश लेकर पहुंची मोबाइल वैन का ग्रामीणों ने स्वागत किया। महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर योगेश कुमारी ने बताया कि कम लिंगानुपात वाले गांवों में मोबाइल वैन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा हैं। ग्रामीणों को कन्या भ्रूण हत्या रोकने के प्रति देश और प्रदेश की सरकारें निरंतर प्रयासरत हैं। जिले के भी सभी गांवों में बेटियों के प्रति जागरूकता फैलाई जा रही हैं। आंगनबाड़ी वर्कर्स घर-घर जाकर महिलाओं को कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम के लिए जागरूक कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बेटियां भी बेटों की तरह हर क्षेत्र में गांव व माता पिता का नाम रोशन कर सकती हैं। बेटियों को माता पिता और परिवार के सहयोग की जरूरत होती हैं।

इस लिए बेटियों को बेटों के समान अधिकार देते हुए उनकी परवरिश भी बेटों की तरह करें। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग की सेवाओं व बेटियों व महिलाओं से जुड़ी योजनाओं जैसे आपकी बेटी हमारी बेटी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, स्वास्थ्य व पोषण के बारे जानकारी दी। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी वर्कर संतोष, राजेश, शुभलता, सुशीला, नीलम, नीरू, राजबती, शारदा व शकुंतला सहित स्वास्थ्य विभाग व पंचायती राज के सदस्य मौजूद थे।




रेवाड़ी। गांव भाड़ावास में लोगों को जागरूक करते हुए महिला टीम। फोटो :हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### मादक पदार्थ गांजा के साथ एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** जगन गेट चौकी पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मोहल्ला बंजारवाडा निवासी बिरेन्द्र उर्फ बिन्द्र के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 45.2 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ गांजा बरामद किया है। गत 15 मई को पुलिस को सूचना मिली थी कि बिरेन्द्र उर्फ बिन्द्र निवासी मोहल्ला बंजारवाडा केएलपी कॉलेज पास गांजा बेचने के लिए खड़ा हुआ है।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी बिरेन्द्र उर्फ बिन्द।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**रेवाड़ी।** रेवाड़ी-महेंद्रगढ़ रेलमार्ग पर शास्त्री नगर के पास एक 27 वर्षीय युवक की ट्रेन में चपेट में आने से मौत हो गई। जीआरपी से एएसआई विक्रम सिंह ने बताया कि वीरवार को एक अज्ञात युवक ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रेलवे विभाग ने उन्हे सूचना दी कि ट्रेन की लाइनों के बीच एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है। जीआरपी ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लिया। मृतक युवक की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई। जीआरपी ने युवक के शव को शिनाख्त के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया दिया है।

### सड़क सुरक्षा समिति के के लिए आवेदन आमंत्रित

**रेवाड़ी।** हरियाणा परिवहन विभाग की जिला सड़क सुरक्षा समिति का पुनर्गठन किया गया है, जिसमें रेवाड़ी समिति के अध्यक्ष डीसी अभिषेक मीणा हैं। समिति सड़क दुर्घटनाओं में कमी के साथ मासिक आधार पर प्राप्तियां की मॉनिटरिंग के लिए सड़क सुरक्षा हित में राज्य सड़क सुरक्षा परिषद द्वारा पारित निर्देशों की अनुपालना करती है। जिला परिवहन प्राधिकरण के सचिव एवं एसडीएम सुरेंद्र सिंह ने बताया कि अधिसूचना के अनुसार जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य के लिए सड़क सुरक्षा से संबंधित दो गैर सरकारी विशेषज्ञ-एजेंसी को सरकार द्वारा नामांकित किया जाना है। वे नाम, विवरण, शैक्षिक योग्यता सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में किए गए पूर्ण दस्तावेज 23 मई तक भेज सकते है।

## विश्व डेंगू दिवस पर जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# छात्रों को डेंगू से बचाव, रोकथाम और नियंत्रण के उपाय बताए

पेंटिंग प्रतियोगिता में डिंपी ने प्रथम, संजोगिता ने द्वितीय तथा कणिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में निधि ने प्रथम, नेहा ने द्वितीय रही।


रेवाड़ी। कार्यक्रम में भाषण देते हुए छात्रा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शुक्रवार को विश्व डेंगू दिवस पर बाल भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फिदेड़ी में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले में इस सीजन में अब तक 5 डेंगू पॉजिटिव मरीज मिल चुके है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से डेंगू की रोकथाम के लिए सोर्स रिडक्शन एक्टिविटी की जा रही है तथा लोगों को डेंगू से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है। शुक्रवार को आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल सर्जन डा. नरेंद्र दहिया ने की व डिप्टी सीएमओ डा. दीपक वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। स्कूल के प्रधानाचार्य हार्दिक शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर स्कूल के करीब 31 बच्चों ने भाषण व पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता में डिंपी ने प्रथम, संजोगिता ने द्वितीय तथा कणिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में निधि ने प्रथम, नेहा ने द्वितीय और जयदीप व ललित ने तृतीय स्थान हासिल किया। सिविल सर्जन व उप सिविल सर्जन ने सभी विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर डिप्टी सिविल सर्जन डा. दीपक वर्मा ने शिक्षकों व विद्यार्थियों को डेंगू से बचाव, रोकथाम व नियंत्रण के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि सभी मच्छरदानी प्रयोग करें व पूरी बाजू के कपडे पहने। उन्होंने कहा कि नागरिक सप्ताह में एक दिन रविवार को ड्राई-डे मनाकर अपने घरों में कूलर, फ्रिज की ट्रे, पौधों के गमलों व पानी की टंकी की सफाई करें। सभी नागरिक अपने घरों के आसपास साफ-सफाई रखे तथा पानी एकत्रित न होने दे। डा. वर्मा ने कहा कि जरूरी सावधानियां अपनाकर डेंगू से बचाव किया जा सकता है। इस मौके पर हेल्थ इंस्पेक्टर बिरेन्द्र सिंह, दिनेश यादव, विरेन्द्र कुमार, धर्मबीर कुमार, रमेश कुमार, राहुल दहिया, सुरेश कुमार, विनोद कुमार एमपीएचडब्ल्यू मेल, प्रवीन कुमार आंकडा लिपिक तथा स्कूल से शीतल, पूनम व सरिता सहित सभी शिक्षक मौजूद थे।

#### डेंगू-मलेरिया से बचाव

मलेरिया हेल्थ इस्पेक्टर बिरेन्द्र सिंह ने बताया कि डेंगू व मलेरिया बीमारियों से बचाव के लिए घर में आसपास साफ-सफाई रखे। ठहरे हुए पानी में काला तेल डाले। घरों के बर्तन, कूलर, पानी की टंकी व पशुओं की खेल की सफाई करते रहे, जिससे मच्छा का लार्वा न पनप सके। डेंगू व मलेरिया के लक्षण होने पर ब्लड की जांच कराकर डॉक्टर की सलाह पर ही दवाईयां ले। ज्यादा से ज्यादा पेय पद्धार्थो का सेवन करें।

#### डेंगू व मलेरिया के लक्षण

डेंगू एडीज मच्छर के काटने से होता है। यह मच्छर दिन में काटता और स्थिर एवं साफ पानी में पनपता है। तेज बुखार, बदन, सिर एवं जोड़ों में दर्द, आंखों के पीछे दर्द, त्वचा पर लाल धब्बे या चकत्ते का निशान, नाक-मसूड़ों से या उल्टी के साथ रक्त स्राव और काला पखाना होना डेंगू के लक्षण हैं। मलेरिया में मरीज के सिर दर्द होना, शरीर में कंपन, ठंड लगना, थकान, बुखार आना, उल्टी होना, जी मिचलना, चक्कर आना प्रमुख कारण हैं। इन लक्षणों के साथ यदि तेज बुखार हो तो अपना इलाज कराएं।


पुलिस गिरफ्त में अक्षय उर्फ ब्रटली।


### आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज मामले में एक और आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** थाना सदर रेवाड़ी पुलिस ने हथियारों के साथ लूट की योजना बनाने मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार किए गए आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। गत 3 फरवरी की रात पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव गंगायाचा अहीर के पास एक गाड़ी में दो युवक संदिग्ध हालत में खड़े मौजूद हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर दोनों युवकों को काबू कर लिया। आरोपी भूपेन्द्र निवासी कवंर सिंह कालोनी जिला झज्जर व सोनू निवासी गांव भिंडावास जिला झज्जर बताया था। आरोपियों की गाड़ी की तलाशी लेने पर एक अवैध देशी कट्टा व एक जिन्दा रोंद बरामद हुआ था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया था की वह अपने साथी जिला रोहतक के गांव सुनारिया खुर्द निवासी अजय उर्फ बाबा व जिला झज्जर के गांव अटाल निवासी अक्षय उर्फ ब्रटली के साथ मिलकर लूट की योजना के मंसूबे से यहा पर आए थे।

- गंगायाचा अहीर के पास गाड़ी में दो युवक संदिग्ध खड़े थे

## एसोसिएशन की मासिक बैठक

# बिजली पेंशनर्स ने की लंबित मांगे पूरी करने की मांग


रेवाड़ी। केंद्रीय परिषद के सदस्यों का सम्मान करते हुए।

- वर्ष 2009-2010 में सेवानिवृत हुए कर्मचारियों ने कैशलेस मेडिकल का फॉर्म नहीं भरा है, वे अपने डीडीओ के पास फार्म भरकर मुख्य कार्यालय में भेजें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा बिजली पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक सरकुलर रोड स्थित हरिओम अग्रसेन हॉस्पिटल में रामकिशन जेई की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मंच संचालन प्रधान नरेंद्र रोहिल्ला ने किया। बैठक में सर्वप्रथम पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले व पेंशनर परिवार के दिवंगत हुए लोगों को 2 मिनट का मौन धारण करके श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। साथ ही पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की ओर से किए गए ऑपरेशन सिंदूर का स्वागत किया गया। पिछले दिनों हुए केंद्रीय परिषद के चुनाव में केंद्रीय कार्यकारिणी की ओर से रेवाड़ी के बीडी यादव व सत्य प्रकाश आर्य एडवाइजर को मेंबर रजिस्ट्रेशन के पद पर नियुक्ति मिलने पर केंद्रीय परिषद का आभार जताया गया। रेवाड़ी यूनिट के सदस्यों ने दोनों को सम्मानित किया। इस अवसर पर महासचिव एस एन गोयल, ओपी सोलंकी, सुरेंद्र यादव व जसवंत छाबड़ा ने अपने विचार प्रकट करते हुए सरकार के प्रति नाराजगी जाहिर की। सभी रिटायर्ड कर्मचारियों ने सरकार से कैशलेस सुविधाओं को तुरंत लागू करने, कॉम्यूटेशन नेशनल इंक्रीमेंट 65, 70, 75 साल की आयु होने पर 5, 10 व 15 प्रतिशत बढ़ाने व फ्री यूनिट, महिला एलटीसी लागू करने की मांग की। महासचिव ने कहा कि वर्ष 2009-2010 में सेवानिवृत हुए कर्मचारियों ने कैशलेस मेडिकल का फॉर्म नहीं भरा है, वे अपने डीडीओ के पास जाकर फार्म भरकर मुख्य कार्यालय में भेजें। बैठक में जिले सिंह, सुरेश कुमार, जागेराम,ईश्वर सिंह, समर सिंह, रामकंवर, दाताराम, लालसिंह, सूरजभान, रामपाल, प्रभुदयाल, पूरनचंद, हरिओम, ओमप्रकाश, बनवारी, राजेंद्र सिंह व सुदर्शन कुमार सहित सभी रिटायर्ड कर्मचारी मौजूद थे।

# नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप जीतने पर खिलाड़ियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल


रेवाड़ी। कबड्डी के खिलाड़ियों का सम्मान करते विधायक व अन्य। फोटो : हरिभूमि

नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में जीतने पर खिलाड़ियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डा. कृष्ण कुमार और विशिष्ट अतिति समाजसेवी अनिल रायपुर व ब्लॉक समिति के अध्यक्ष छत्रपाल सिंह थे। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि खेलों से बच्चों का मानसिक व शारीरिक विकास होता है। युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं खेलों में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। सरकार की खेल नीति के कारण ही बच्चे मेडल जीत रहे है और प्रदेश व देश का नाम रोशन कर रहे है। उन्होंने कहा कि सभी गावों में समान रूप से विकास कार्य कराए जा रहे है। गर्मी को देखते हुए बिजली निगम को बिजली व्यवस्था ठीक रखने के निर्देश दिए है। विधायक ने कहा कि बाईपास का निर्माण जल्दी ही पूरा कर दिया जाएगा। इस अवसर पर नोपेंद्र शर्मा, पूनम देवी, राजेश, सोनू टांकड़ी व अमन सहित अनेक गांवों के लोग मौजूद थे।

# गवर्नमेंट स्कूल रतनथल की छात्रा सारिका का सुपर-100 में हुआ चयन

- सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थी कोचिंग लेकर अपना बना सकते हैं भविष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली


रेवाड़ी। सारिका को सम्मानित करते प्राचार्य व गणमान्य लोग। फोटो : हरिभूमि

खंड नाहड़ के गांव रतनथल स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की कक्षा दसवीं की छात्रा सारिका चौहान का चमन सुपर-100 कार्यक्रम में हुआ है। सुपर-100 कार्यक्रम मेडिकल और इंजीनिरिंग में प्रवेश के लिए निःशुल्क कोचिंग प्रदान करता है, जिसका हॉस्टल और पढ़ाई का पूरा खर्चा हरियाणा सरकार वहन करती है। सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थी कोचिंग लेकर अपना भविष्य बना सकते हैं। सारिका खंड नाहड़ और कोसली विधानसभा से चयनित होने वाली एकमात्र छात्रा है। सारिका की इस उपलब्धि पर स्कूल के प्राचार्य अशोक कुमार ने गणित प्राध्यापक अमित कुमार, साइंस प्राध्यापक अजीत सिंह व छात्रा के माता-पिता सहित समस्त स्टाफ को बधाई दी। शुक्रवार को प्रार्थना सभा में छात्रा को सम्मानित किया गया। इस मौके पर गांव की सरपंच सुनीता देवी, एसएमसी प्रधान रामौतार, पूर्व सरपंच श्रीभगवान, भाजपा नेता प्रीतम सिंह चौहान, कैप्टन हरिपाल सिंह, सुरेश पंच, सुबेदार राजकुमार, विनोद चौहान व रामबीर थानेदार सहित जनकल्याण समिति के सदस्य मौजूद थे।

## एचबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी किए सम्मानित



**रेवाड़ी।** शुक्रवार को हिंदू पब्लिक स्कूल बावल में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड बारहवीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। परीक्षा में स्कूल से अंजली, कोमल, कंचन, निकिता, कार्तिक, सचिता, वैशाली व प्रवीण ने कॉमर्स संकाय में मेरिट हासिल की। विज्ञान संकाय में सोनिका, हिमांशु, विपिन, ईशा, अर्जुन, मुस्कान, मोहित व रविंद्र ने मेरिट प्राप्त की। स्कूल के शेष सभी बच्चों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा पास की। स्कूल के चेयरमैन अधिवक्ता सिंहराम महलावत ने सभी विद्यार्थियों, उनके माता-पिता और अध्यापकों को शुभकामनाएं दी और भविष्य में भी इसी तरह मेहनत व लगन से अपने लक्ष्य का हासिल करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर सभी शिक्षक मौजूद थे।

# विज्ञान संकाय में निष्ठा 93 प्रतिशत अंक लेकर बनी स्कूल की टॉपर

- सैनी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को सीबीएसई बोर्ड 10वीं व 12वीं की परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम देने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज. रेवाड़ी


रेवाड़ी। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्रबंधन समिति व शिक्षक।

सैनी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को सीबीएसई बोर्ड 10वीं व 12वीं की परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम देने वाले विद्यार्थियों को मैनेजमेंट व स्टाफ सदस्यों की ओर से सम्मानित किया गया। कक्षा 10वीं में मिलन तथा कक्षा 12वीं की साइंस संकाय से निष्ठा व मुस्कान, सूजल कला संकाय तथा श्रेय व अंजनी वाणिज्य संकाय में स्कूल टॉपर रहे। कक्षा 12वीं के 49 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें 25 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय से छात्रा निष्ठा ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर के स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय से श्रेय व अंजनी ने 88 प्रतिशत अंक व कला संकाय से छात्र सूजल ने 87 प्रतिशत अंक हासिल किए। कक्षा 10वीं के 69 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें 35 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। सैनी सभा के प्रधान नवीन सैनी, सैनी पब्लिक स्कूल के चेयरमैन चेतराम सैनी, महासचिव मनोज सैनी, सह सचिव कैलाश सैनी, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण सैनी, ओमप्रकाश सैनी,पूर्व कोषाध्यक्ष जगदीश सैनी, राजकुमार सैनी व विनोद सैनी सहित सभी कार्यकारिणी और कॉलेजियम सदस्यों ने विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों को बधाई दी।

## एचकेआरएनएल के तहत लगे कर्मचारियों वेतन नहीं मिलने पर जताया रोष



**कोसली।** हरियाणा अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ ने एचकेआरएनएल के तहत लगे अनुबंधित कर्मचारियों को पिछले अप्रैल माह का वेतन न मिलने पर गहरा रोष व्यक्त किया है। संघ ने कार्यकारी अभियंता को पत्र देकर चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने जल्द ही वेतन का भुगतान नहीं किया तो कर्मचारी हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे। संघ के जिला सचिव मनीष कुमार ने बताया कि कोसली क्षेत्र के अनुबंधित कर्मचारी लगातार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की पक्षपातपूर्ण नीति के कारण कोसली क्षेत्र के कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं दिया जा रहा, जबकि अन्य क्षेत्रों में स्थिति कुछ हद तक बेहतर है। कर्मचारियों ने कहा कि यदि शीघ्र वेतन नहीं मिला तो वे कार्यकारी अभियंता कार्यालय के सामने गेट मीटिंग कर आगामी रणनीति तय करेंगे और आंदोलन की राह अपनाएंगे। संघ ने प्रशासन को आगाह किया है कि यदि उनकी मांगों की अनदेखी की गई तो इसका असर पूरे विद्युत तंत्र पर पड़ सकता है।

# ग्रामीणों ने किया योगासनों का अभ्यास

- गोकलगढ़ में पांच दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी


रेवाड़ी। शिव मंदिर धर्मशाला में योगाभ्यास करते लोग। फोटो : हरिभूमि

पतंजलि योग समिति की ओर से शुक्रवार को गांव गोकलगढ़ स्थित शिव मंदिर धर्मशाला में पांच दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया। मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने बताया कि विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में पतंजलि योग समिति की ओर से योग प्रोटोकॉल के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए अभ्यास सत्र का आयोजन किया जा रहा है। समाजसेवी राकेश यादव की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में ब्रिगेडियर रामेश्वर दास ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी दयाराम आर्य ने प्रार्थना मंत्र के साथ योग शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने योगिंग-जोगिंग सहित योग प्राणायाम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग प्राणायाम के नियमित अभ्यास से हम अपने तन मन को स्वस्थ रख कर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस अवसर पर मास्टर सतवीर सिंह, अजीत सिंह, मुकेश कुमार, तानवी, बलवंती, पुष्पा यादव, ऊषा यादव, यशु, निकी, शकुंतला, संतोष, सरोज, बिमला, सपना व प्रकाशवती सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## सुनवाई | आरओबी की रिपेयरिंग का कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए

# आरओबी का डेढ साल से चल रहा कार्य बना परेशानी, विधायक ने किया निरीक्षण

- कोसली के विधायक अनिल यादव ने जनसमस्याओं की सुनवाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली


रेवाड़ी। जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए विधायक अनिल यादव।

कोसली के विधायक अनिल यादव ने लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों को कोसली रेलवे स्टेशन के समीप आरओबी की रिपेयरिंग का कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले करीब डेढ साल से चल रहे कार्य की वजह से दुकानदारों और आम नागरिकों को भी आवागमन में परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। विधायक ने शुक्रवार को आरओबी के चल रहे मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि वे नियमित रूप से आरओबी की रिपेयर की प्रगति का आकलन करेंगे। इसमें किसी प्रकार की ढिलाई नहीं होनी चाहिए।

#### ग्रैप लगने से देरी हुई

लोकनिर्माण विभाग के एसडीओ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि ग्रैप लगने और सीआरआरआई लैब की रिपोर्ट लेट आने के कारण यह देरी हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगले तीन माह में यह पुल ट्रैफिक मूवमेंट के लिए तैयार हो जाएगा। जेई प्रदीप ने बताया कि आरओबी की लंबाई 950 मीटर है और इसके मरम्मत कार्य पर 11.5 करोड़ की राशि खर्च होगी। आरओबी के निरीक्षण से पहले नाहड़ रोड़ स्थित कार्यालय में विधायक ने जनसमस्याओं की सुनवाई की और ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का निवारण शीघ्र किया जाएगा। इस अवसर पर पंचायत समिति चेयरमैन दुष्यंत सिंह, चेयरमैन प्रवीन, कर्णपाल, मंडल अध्यक्ष हरीश, कपिल, सुरेश व जिला पार्षद जीवन हितैषी सहित अनेक गांवों के सरपंच व पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।